




... सिर्फ सच का साथ

# जनमुख

वाराणसी, सोमवार, 09 फरवरी-2026

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

वाराणसी, लखनऊ, दिल्ली एवं पूर्वी उत्तर प्रदेश व पश्चिमी बिहार में प्रसारित

● वर्ष -43 ● अंक 143 ● पृष्ठ 8 ● मूल्य 2 रुपया










# विधानमंडल सत्र में हंगामा

## राज्यपाल के अभिभाषण पर सपा ने की नारेबाजी, सदन स्थगित



**● महंगाई, बेरोजगारी, SIR, UGC समेत अन्य मुद्दों पर नारेबाजी**

**लखनऊ।** यूपी विधानमंडल का बजट सत्र सोमवार सुबह 11 बजे राज्यपाल आनंदीबेन पटेल के अभिभाषण से शुरू हुआ। जैसे ही राज्यपाल ने बोलना शुरू किया, सपा विधायक नारेबाजी करते हुए वेल में आ गए। महंगाई, बेरोजगारी, SIR, UGC समेत अन्य मुद्दों पर नारेबाजी करने लगे। राज्यपाल ने हंगामा बढ़ता देख भाषण रोका और सपा विधायकों से कहा- शांत हो जाइए। वरना गला बैठ जाएगा। प्रदर्शन में पल्लवी पटेल शामिल नहीं थीं। वह अपनी सीट पर बैठी रहीं। 84 साल की आनंदीबेन पटेल ने 30 मिनट में अपना भाषण पूरा किया। इसके बाद वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने पहली बार 2025-26 सत्र की उपलब्धियों की रिपोर्ट पढ़ी। सपा विधायक संग्राम सिंह यादव ने कहा- जो बातें राज्यपाल मैडम ने कही, वही बात वित्त मंत्री ने दोहरा दी है। ये सिर्फ अखबारों की हेडिंग के लिए है। हम तो कहते हैं, वित्त मंत्री ने जो कुछ कहा है, उसपर भी चर्चा हो, ताकि दूध का दूध, पानी का पानी हो जाए। इसके बाद सदन की कार्यवाही मंगलवार 11 बजे तक के लिए स्थगित कर दी गई। इससे पहले सपा विधायकों ने विधानसभा कैंपस में जोरदार प्रदर्शन किया। सपा MLC आशुतोष सिन्हा साइकिल से विधानसभा पहुंचे। साइकिल पर अहिल्याबाई की तस्वीर थी। उन्होंने कहा- भाजपा सरकार में वार सदन संवाद से चलता है, कार्रवाई बाधित करने से नहीं। सरकार संवाद से समाधन पर विश्वास करती है। हम हर सदस्य के संवाद और सवाल को स्वीकार करने को तैयार हैं। लेकिन कार्रवाई को बाधित न किया जाए। डिप्टी सीएम केशव मौर्य ने कहा- सपा के पास कोई मुद्दा नहीं है। इसलिए वे बौखला गए हैं। सपा विधायकों ने वित्त मंत्री द्वारा उपलब्धि का ब्योरा दिया जाने पर सपा विधायकों ने एतराज जताया।

### अखिलेश ने सरकार को निशाने पर लिया



अखिलेश यादव ने कहा- भाजपा झूठ के अलावा कुछ नहीं बोलती है। उनके उत्तर प्रदेश के नेता दिल्ली वालों को सलाम भी नहीं ठोकते, न नमस्ते करते हैं। यूपी ने प्रधानमंत्री बनाए हैं, तो यूपी को बुलेट ट्रेन कब मिलेगी? सुनने में आ रहा है कि गोरखपुर होकर निकलेगी बुलेट ट्रेन, उस गोरखपुर से जिसमें मेट्रो तक नहीं बना पाए।

## क्लासरूम में घुसकर छात्रा को गोली मारी फिर खुद भी किया सुसाइड

**तरनतारन।** पंजाब के तरनतारन स्थित लॉ कॉलेज में सोमवार को छात्र ने क्लासरूम में घुसकर छात्रा की गोली मारकर हत्या कर दी। इसके बाद उसने वहीं पर खुद को भी गोली मारकर सुसाइड कर लिया। मृतक छात्रा संदीप कौर (20) है, वह लॉ कॉलेज में फर्स्ट ईयर की स्टूडेंट थी। वहीं आरोपी छात्रा तरनतारन का प्रिंसराज सिंह है, वह भी छात्रा के साथ पढ़ता था। लड़की की मां ने आरोप लगाया कि कॉलेज से उन्हें कहा गया कि छोटा सा झगड़ा हुआ और उनकी बेटी को चोट लगी है। वह कॉलेज पहुंचे तो बेटी मरी पड़ी थी। पुलिस के मुताबिक अभी घटना के पीछे की वजह सामने नहीं आई है। शुरुआती तौर पर इसे एकतरफा प्यार से जोड़कर देखा जा रहा है।

## सावरकर को 'भारत रत्न' की मांग पर ओवैसी कहा-फिर गोडसे की बारी आएगी



**नई दिल्ली।** एआईएमआईएम प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी ने सोमवार को भाजपा-आरएसएस पर संघ प्रमुख की उस मांग को लेकर तीखा हमला बोला, जिसमें उन्होंने वी.डी. सावरकर को भारत रत्न देने की बात कही थी। 1857 के विद्रोह में अपने योगदान के लिए जाने जाने वाले मौलवी अलाउद्दीन का जिक्र करते हुए ओवैसी ने सावरकर को सर्वोच्च नागरिक सम्मान देने के विचार की आलोचना की। उन्होंने कहा कि हैदराबाद की मक्का मस्जिद के तत्कालीन इमाम मौलवी अलाउद्दीन ने अंग्रेजों के खिलाफ तब आवाज उठाई जब कुछ स्वतंत्रता सेनानी औरंगाबाद में कैद हो गए थे। आरएसएस की मांग की कड़ी आलोचना करते हुए कहा कि एक दिन भाजपा नाथूराम गोडसे को भी यह सम्मान देगी।

## जेल में बंद संदिग्ध आतंकी का कैदी ने किया कत्ल

**फरीदाबाद।** हरियाणा की फरीदाबाद जेल में संदिग्ध आतंकी की हत्या का मामला सामने आया है। नीमका जेल में नुकीले हथियार से वार कर अब्दुल रहमान की हत्या की गई है। मध्य रात लगभग दो बजे साथी बंदी अरुण चौधरी ने हमला कर अब्दुल रहमान की हत्या की। संदिग्ध अब्दुल रहमान राम मंदिर को बम से उड़ाने की साजिश में शामिल था। इस हत्या का आरोप अरुण चौधरी नाम के साथी बंदी पर लगा है अब्दुल रहमान जम्मू कश्मीर के कठुआ का रहने वाला था। अरुण चौधरी भी आतंकी गतिविधियों में शामिल होने के चलते गिरफ्तार हुआ था और उसे अक्तूबर 2024 में नीमका जेल में शिफ्ट किया गया था।

## दिल्ली में धमकाने का सिलसिला जारी, आज फिर 9 स्कूलों को धमकी

**नई दिल्ली।** राजधानी दिल्ली में सोमवार को एक बार फिर 9 नामी स्कूलों को बम से उड़ाने की धमकी मिली। यह धमकी भरी कॉल्स सुबह करीब 8:30 से 9:00 बजे के बीच आईं, जिसके बाद स्कूल प्रशासन और सुरक्षा एजेंसियां तुरंत अलर्ट मोड में आ गईं। सूचना मिलते ही संबंधित स्कूलों ने दिल्ली पुलिस को मामले की जानकारी दी। हर बार की तरह इस बार भी फायर ब्रिगेड और बम स्क्वॉड की टीमें मौके पर पहुंचीं और स्कूल परिसरों की गहन तलाशी शुरू की गई। कुछ स्कूलों में छुट्टी घोषित कर दी गई, अभिभावकों को भी सूचित किया गया।

## पटना में कोर्ट को उड़ाने की धमकी से नहीं हो सकी पप्पू यदव की बेल

**पटना।** पूर्णिया के निर्दलीय सांसद पप्पू यादव की जमानत याचिका पर सोमवार को सुनवाई नहीं हो सकी। पटना सिविल कोर्ट को ईमेल के जरिए बम से उड़ाने की धमकी मिलने के बाद एमपी-एमएलए कोर्ट समेत पूरे न्यायालय परिसर को खाली करा लिया गया। सुरक्षा कारणों से कोर्ट की कार्यवाही स्थगित कर दी गई, जिसके चलते पप्पू यादव की बेल पर सुनवाई टल गई और फिलहाल उन्हें बेऊर जेल में ही रहना होगा। सोमवार सुबह पटना सिविल कोर्ट को आरडीएक्स और आईईडी से उड़ाने की धमकी वाला ईमेल मिला। इसके बाद पुलिस और प्रशासन अलर्ट हो गया। एमपी-एमएलए कोर्ट को भी एहतियातन खाली कराया गया। जगह-जगह तलाशी अभियान चला और कोर्ट की नियमित कार्यवाही प्रभावित हुई। इसी वजह से पप्पू यादव की जमानत याचिका पर सुनवाई संभव नहीं हो पाई।

## हरे निशान पर खुला शेयर बाजार, सेंसेक्स 416 अंक चढ़ा, निफ्टी 25800 के पार

**नई दिल्ली।** हफ्ते के पहले कारोबारी दिन यानी सोमवार को शेयर बाजार बढ़त के साथ खुला। वहीं पिछले दिन शुक्रवार को 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 266.47 अंक उछलकर 83,580.40 अंक पर बंद हुआ था, जबकि 50 शेयरों वाला एनएसई निफ्टी 50.90 अंक की बढ़त के साथ 25,693.70 पर बंद हुआ था। शुरुआती कारोबार में रुपया अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 21 पैसे बढ़कर 90.44 पर पहुंच गया।

## कार से कुचलकर बच्चे की मौत के बाद थाने पर हमला, हालात बेकाबू


**हाथरस।** हाथरस के मुरसान में कार से कुचलकर बच्चे की मौत के बाद जमकर बवाल हुआ. आक्रोशित भीड़ ने थाने पर पथराव और रोड जाम किया। थाने पर पथराव किया गया, वहां खड़ी गाड़ियां क्षतिग्रस्त कर दी गयीं। हालात बेकाबू हो गए तो पुलिस ने लाठीचार्ज कर स्थिति संभाली। मामले में 3 लोग गिरफ्तार हुए हैं और इलाके में भारी पुलिस बल तैनात है, लोग घरों में दुबके हुए हैं।

## चांदी सोने की कीमतों में इजाफा

**नई दिल्ली**। सोना-चांदी के दाम में आज यानी 9 फरवरी को बढ़त है। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन (IBJA) के अनुसार 10 ग्राम 24 कैरेट सोने का भाव 3,515 रुपए बढ़कर 1,55,593 रुपए हो गया है। इससे पहले से 1,52,078 रुपए पर था। चांदी 16,826 रुपए बढ़कर 2,61,755 रुपए प्रति किलो पर पहुंच गई है। इससे पहले ये 2,44,929 रुपए पर थी।

# मणिपुर में फिर भड़की हिंसा

**● उखरुल में उग्रवादियों ने फूंके दर्जनों घर, प्रशासन ने लगाया कर्फ्यू**




**इम्फाल।** मणिपुर के उखरुल जिले में एक बार फिर सांप्रदायिक तनाव और हिंसा का तांडव देखने को मिला है। रविवार रात सशस्त्र उग्रवादियों ने लिटान सारेइखोंग क्षेत्र में कई मकानों को आग के हवाले कर दिया। यह हिंसा तंगखुल नगा समुदाय के एक व्यक्ति पर हुए कथित हमले के बाद उपजे तनाव का परिणाम बताई जा रही है। प्रशासन ने स्थिति को अनियंत्रित होते देख जिले में तत्काल प्रभाव से Curfew लागू कर दी है। अधिकारियों ने सोमवार को बताया कि रविवार शाम को जिले के लिटान गांव में दो आदिवासी समूहों ने पथराव किया, जिसके कारण प्रशासन को निषेधाज्ञा लागू करनी पड़ी। मध्यरात्रि के आसपास लिटान सारेइखोंग में तंगखुल नगा समुदाय के कई मकानों में कुकी उग्रवादियों द्वारा आग लगा दी गई। पास के ही एक इलाके में कुकी समुदाय के कुछ लोगों के मकानों को भी जला दिया गया। तंगखुल मणिपुर की सबसे बड़ी नगा जनजाति है। लितान सारेइखोंग कुकी बहुल गांव है।

# कुलदीप सेंगर को नहीं मिली जमानत



**नई दिल्ली।** उन्नाव रेप केस में दोषी ठहराए गए और सजा काट रहे बीजेपी के पूर्व विधायक कुलदीप सेंगर को सुप्रीम कोर्ट से तगड़ा झटका लगा है। टॉप कोर्ट ने सेंगर को जमानत देने से इनकार कर दिया है। इसके बाद सुप्रीम कोर्ट ने बड़ा आदेश देते हुए पूर्व बीजेपी MLA के खिलाफ मामले को फास्ट ट्रैक करने का निर्देश भी दिया है। इस केस में सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली हाईकोर्ट को तीन महीने में अपील पर फैसला करने को कहा है। गौरतलब है कि सेंगर ने सुप्रीम कोर्ट मे जमानत याचिका दाखिल की थी।



## इसरो ने चंद्रयान-4 के लिए लैंडिंग साइट तलाशी, मॉन्स माउटन पहाड़ पर उतरेगा

**बेंगलुरु।** इसरो ने चंद्रयान-4 मिशन के लिए चंद्रमा के साउथ पोल के पास एक लैंडिंग साइट तलाश ली है। चंद्रयान-2 ऑर्बिटर से मिली तस्वीरों के आधार पर वैज्ञानिकों ने मॉन्स माउटन (MM-4) क्षेत्र को लैंडिंग के लिए सबसे सही बताया है। मॉन्स माउटन, चंद्रमा के साउथ पोल के पास स्थित करीब 6,000 मीटर ऊंचा पहाड़ है। इसकी चोटी काफी हद तक सपाट है, जो लैंडिंग के लिए अनुकूल है। हालांकि, लैंडिंग साइट को लेकर अंतिम फैसला लॉन्च के करीब लिया जाएगा। वैज्ञानिकों के मुताबिक यह इलाका इसलिए भी अहम है, क्योंकि यहां लंबे समय तक सूर्य की रोशनी मिलती है।

# राहुल को बोलने दो तभी सदन चलेगा

**● बजट सत्र के 9वें दिन भी लोकसभा में हंगामा, ओम बिरला के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव की तैयारी में विपक्ष**



**नई दिल्ली।** संसद के बजट सत्र के दौरान लगातार हंगामा देखने को मिल रहा है। आज भी लोकसभा की कार्यवाही शुरू होते ही हंगामा शुरू हो गया और इसकी कार्यवाही को 12 बजे तक के लिए स्थगित करना पड़ा। लोकसभा स्पीकर ओम बिरला ने कहा कि नियम से बोलने का हक सभी को है। सदन गतिरोध और नारेबाजी करने के लिए नहीं है। वहीं, यह भी कहा जा रहा है कि विपक्ष लोकसभा अध्यक्ष के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लेकर आ सकता है। विपक्ष के सांसदों ने 'राहुल गांधी को बोलने दो' के नारे लगाए और हंगामा किया। लोकसभा की कार्यवाही शुरू होने से पहले विपक्ष के नेताओं की सदन में बैठक हुई, जिसमें लोकसभा अध्यक्ष के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव पर भी चर्चा की गई। साथ ही कांग्रेस पार्टी ने कहा कि राहुल गांधी को अगर सदन में बोलने दिया जाएगा तो सदन चलेगा नहीं तो संसद में हंगामे के आसार हैं। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष और कांग्रेस सांसद राहुल गांधी संसद पहुंचे।

जनमुख
हिन्दी दैनिक
City लाइव
● तापमान अधिकतम : 16.$^{0}$C
● तापमान न्यूनतम : 7.2$^{0}$C
● सूर्योदय : 06.10
● सूर्यास्त : 05.14
वाराणसी, 09 फरवरी, सोमवार, 2026 (3)







# दालमंडी में घुसा बुलडोजर

## ध्वस्तीकरण की कार्रवाई ने पकड़ी रफ्तार, मौके पर डटी फोर्स



### ● फरियाद लेकर पहुंचे कई भवन स्वामी, अधिकारियों ने कहा अब कुछ नहीं हो सकता

**वाराणसी।** दालमंडी चौड़ीकरण को लेकर सोमवार को एक बार फिर फारी फोर्स दालमंडी में भवनों पर कार्रवाई करने के लिए पहुंची। इस कार्रवाई को लेकर भवन स्वामी और फोर्स के बीच भवन संख्या सीके 43/113 ए को लेकर विवाद देर तक चलता रहा। प्रशासन ने सुरक्षा कारणों से मौके पर भारी पुलिस बल को भी इस दौरान बुला लिया। हाल ही में संकरे रास्ते पर ध्वस्तीकरण के बाद पहली बार बुल्डोजर पहुंचा और ध्वस्तीकरण का काम तेजी से शुरू हुआ है। माना जा रहा है कि अब रास्ता चौड़ा होने के बाद भीतर तक बुल्डोजर की पहुंच होने के कारण कार्रवाई में तेजी आई है। इस कार्य में लगभग आधा काम पूरा हो चुका है। जल्द ही पूरे रास्ते को साफ कर सड़क निर्माण सहित अन्य कार्यों को गति मिलेगी, जिससे दालमंडी की राह चौड़ी हो सकेगी। दालमंडी चौड़ीकरण के तहत सोमवार की दोपहर तक तीखी बहस के साथ पहली कार्वाई मकान संख्या सीके 43/113 ए पर शुरू की गई। इस दौ-रान हथौड़े से भवन की ऊपर मंजिल पर पहले कार्रवाई शुरू की गई। इस दौरान मजदूरों के साथ प्रशासन और पुलिस भी मौजूद रही। इस कार्रवाई के दौरान, फोर्स ने भवन स्वामियों को चेतावनी दी कि यदि वे अपने भवनों को स्वयं नहीं हटाते हैं, तो प्रशासनिक कार्रवाई की जाएगी। इस दौरान कई भवन स्वामियों ने अपनी संपत्तियों को बचाने के लिए फोर्स के सामने अपनी बात रखी, लेकिन प्रशासन ने स्पष्ट किया कि यह कार्रवाई आवश्यक है और इसे रोका नहीं जा सकता। इस क्षेत्र में बढ़ती जनसंख्या और व्यापारिक गतिविधियों के कारण यातायात में बाधा उत्पन्न हो रही थी। चौड़ीकरण से न केवल यातायात सुगम होगा। कुछ भवन स्वामियों ने इस कार्रवाई का विरोध भी किया है और उनका कहना है कि इससे उनकी संपत्तियों को नुकसान होगा। प्रशासन ने आश्वासन दिया है कि सभी कानूनी प्रक्रियाओं का पालन किया जाएगा ।

### व्यापारी ने अपनी दुकान को लगायी आग, खुद पर भी पेट्रोल छिड़का

**वाराणसी।** वाराणसी की दाल मंडी में आज सोमवार को एक व्यापारी ने अपनी दुकान में आग लगा दी। खुद पर भी पेट्रोल छिड़का है। वह सुसाइड करने की चेतावनी दे रहा है। प्रशासन के अधिकारी समझाने में जुटे हैं। स्थानीय दुकानदार बुलडोजर एक्शन का लगातार विरोध कर रहे हैं। प्रशासन के अधिकारियों से 10 दिन की मोहलत मांग रहे हैं। जब अफसरों ने नहीं सुनी तो मकान संख्या 40/71 के मालिक ने पेट्रोल छिड़ककर अपनी दुकान में आग लगा दी। उसने खुद को भी जलाने की धमकी दी।

## सनबीम ग्रुप ने किया मैत्री क्रिकेट मैच का आयोजन



**वाराणसी (जनमुख डेस्क)।** सनबीम ग्रुप ऑफ एजुकेशनल इंस्टिट्यूशन्स द्वारा मीडिया जगत के साथ सौहार्द एवं आपसी सहयोग को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से एक मैत्रीपूर्ण क्रिकेट मैच का आयोजन किया गया। यह मैच 'सनबीम बनाम फ्रेंड्स ऑफ मीडिया' के नाम से ओवल क्रिकेट स्टेडियम, सनबीम सनसिटी, वाराणसी में प्रातः 10:00 बजे से खेला गया। इस आयोजन का उद्घाटन चेयरपर्सन डा. दीपक मधोक एवं वाइस चेयरपर्सन भारती मधोक द्वारा किया गया। मैच के उपरांत मीडिया प्रतिनिधियों एवं सनबीम खिलाड़ियों के साथ सामूहिक लंच का आयोजन किया गया।

## जलसंस्थान कर्मचारी महासंघ के सेवानिवृत्त कर्मचारियों का सम्मान



**वाराणसी (जनमुख डेस्क)।** जलसंस्थान कर्मचारी महासंघ द्वारा सेवानिवृत्त कर्मचारियों व पदाधिकारियों का सम्मान संघ के कार्यालय में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि शशिकान्त श्रीवास्तव जिलाध्यक्ष राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद रहे। अध्यक्षता पूर्व प्रदेश अध्यक्ष अवधेश नारायण चतुर्वेदी व संचालन संरक्षक सुरेन्द्र कुमार श्रीवास्तव ने किया, स्वागत अभिभाषण व धन्यवाद प्रस्ताव संघ के संरक्षक ओमप्रकाश शर्मा ने किया। इस अवसर पर वक्ताओं ने संगठन को और सशक्त तथा मजबूत करने का संकल्प लिया और सेवानिवृत्त कर्मचारियों के दीर्घायु की कामना की गयी।

## सेमिनार में बालिकाओं के तालीमशुदा होने पर जोर



**वाराणसी (जनमुख डेस्क)।** सिटी गर्ल्स इण्टरमीडिएट कॉलेज, क़ाज़ीसदुल्लाहपुरा, में सेमीनार का आयोजन किया गया जिसकी अध्यक्षता सिटी गर्ल्स इण्टरमीडिएट कॉलेज के सदर हाजी अशफाक अहमद ने व संचालन हुदा रावल, भिवंडी एजुकेशन्लिस्ट व काउन्सलर व कॉलेज की टीचर तसनीम कौसर ने किया। मुख्य अतिथि डॉ. असमा जेहरा, हैदराबाद मेडिकल डॉक्टर व एजुकेशन्लिस्ट/मेम्बर ऑफ ऑल इण्डिया मुस्लिम पर्सनल ला बोर्ड ने संबोधित करते हुए कहा कि आज के दौर में लड़कियों को भी शिक्षा प्राप्त करना अनिवार्य है। अन्य अतिथियों में वहीदा सैयद, मुम्बई मोहसिना अक़बानी, मुम्बई ने भी संबोधित किया। कॉलेज के प्रबंधक हाजी रईस अहमद उपस्थित रहे। कॉलेज के सदर हाजी अशफाक अहमद ने धन्यवाद ज्ञापित किया।

## हिंदू सेवा सदन में जल्द शुरू होगी आयुष्मान सुविधा



**वाराणसी (जनमुख डेस्क)।** हिंदू सेवा सदन चिकित्सालय, बांसफाटक में अब शीघ्र ही आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत निःशुल्क उपचार की सुविधा उपलब्ध होगी। यह निर्णय आयुष मंत्री डॉ. दयाशंकर मिश्र दयालु के निर्देश पर लिया गया है। हिंदू सेवा सदन चिकित्सालय के एक प्रतिनिधिमंडल ने आयुष मंत्री से भेंट कर अस्पताल को आयुष्मान योजना से जोड़ने का अनुरोध किया था, ताकि यहां आने वाले जरूरतमंद मरीजों को आयुष्मान कार्ड के माध्यम से मुफ्त इलाज मिल सके।

## छात्राओं के साथ छेड़खानी को लेकर प्रदर्शन

### ● ग्रामीणों ने प्रिंसिपल को पकड़ कर कमरे में बंद किया



**वाराणसी।** शिवपुर स्थित प्राथमिक विद्यालय पिसौर में एक प्रिंसिपल पर कक्षा चार की चार छात्राओं से छेड़खानी का गंभीर आरोप लगा है। ग्रामीणों ने प्रिंसिपल को एक कमरे में बंद कर विरोध प्रदर्शन किया और कड़ी कार्रवाई की मांग की। पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी मौके पर पहुंचे और ग्रामीणों को शांत करने का प्रयास करते हुए उचित कानूनी कार्रवाई का आश्वासन दिया। आरोप है कि आरोपित प्रधानाध्यापक ने शनिवार को एक कुल चार बच्चियों के साथ छेड़खानी की। इस दौरान उसने बच्चियों को गलत तरीके से छुआ और प्राइवेट पार्ट पर हाथ लगाने के साथ ही बाथरूम में जाते हुए निहारता रहा। इसके बाद बच्चियों को पास बुलाकर अश्लील वीडियो भी दिखा रहा था। रविवार को छुट्टी होने के कारण ग्रामीण कोई कार्रवाई नहीं कर पाए। सोमवार को विद्यालय खुलने का इंतजार करते हुए ग्रामीणों ने प्रिंसिपल को पकड़ लिया और उसे प्रधानाध्यापक कक्ष में बंद कर दिया। पुलिस मौके पर पहुंचकर ग्रामीणों को समझाने का प्रयास करती रही।

## सीएम ग्रिड्स योजना से चमकेगी शहर की सड़कें



**वाराणसी (जनमुख डेस्क)।** प्रधानमंत्री के संसदीय क्षेत्र काशी की सड़कों को आधुनिक स्वरूप देने के लिए मुख्यमंत्री ग्रीन रोड्स इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट स्कीम (सीएम ग्रिड्स) के तहत चल रहे कार्यों ने अब रफ्तार पकड़ ली है। इस क्रम में नगर आयुक्त हिमांशु नागपाल ने रविवार को शहर के विभिन्न हिस्सों का दौरा कर निर्माण कार्यों की पड़ताल की। उन्होंने गोलघर कचहरी, सुंदरपुर मुख्य मार्ग की भौतिक प्रगति देखी। साथ हीअस्सी घाट से रविदास घाट तक का भी निरीक्षण किया । इस दौरान उन्होंने शिथिलता बरतने पर संबंधित कार्यदायी ठेकेदार के खिलाफ कड़ी कार्वाई की चेतावनी दी। सीएम ग्रिड्स योजना के तहत प्रथम चरण में 4784.53 लाख रुपये से छह प्रमुख मार्गों का कायाकल्प किया जा रहा है।

## 24 घंटे में होगा लीकेज का निस्तारण

**वाराणसी (जनमुख डेस्क)।** नगर निगम अब पेयजल व सीवर की शिकायतों का निस्तारण 24 घंटे के भीतर करने का लक्ष्य रखा है । भेलूपुर स्थित जलकल विभाग में शनिवार को महापौर ने शिकायती एप की समीक्षा करते हुए महापौर ने लंबित मामलों को तत्काल निस्तारित करने के आदेश दिया। उन्होंने लीकेज की शिकायतों का समाधान हर हाल में 24 घंटे के भीतर कराने का निर्देश दिया। बैठक में मुख्य रूप से नगर आयुक्त हिमांशु नागपाल, जलकल विभाग के महाप्रबंधक अनूप सिंह सहित अन्य विभागीय अधिकारी व अभियंता उपस्थित रहे।

## बिहारीलाल दिगंबर जैन मंदिर के स्थापना दिवस पर निकली नालकी यात्रा



**वाराणसी (जनमुख डेस्क)।** श्रीबिहारीलाल दिगंबर जैन मंदिर, मैदागिन में रविवार को मंदिर के 163वें स्थापना दिवस के अवसर पर श्रद्धा, भक्ति और आध्यात्मिक उल्लास के साथ विशेष पूजन-अर्चन के उपरांत भव्य नालकी यात्रा निकाली गई। मंदिर के ट्रस्टी भूपेंद्र कुमार जैन ने बताया कि आज से 163 वर्ष पूर्व इसी पावन तिथि को मंदिर की स्थापना की गई थी। कार्यक्रम का शुभारंभ विधिविधान से देव-शास्त्र-गुरु की पूजा के साथ हुआ। इसके पश्चात मूलनायक भगवान पार्श्वनाथ की पूजा एवं पंचकल्याणक पूजा (गर्भ, जन्म, तप, ज्ञान एवं निर्वाण) सम्पन्न कराई गई। तत्पश्चात चांदी की पालकी में विराजमान भगवान पार्श्वनाथ की भव्य नालकी यात्रा निकाली गई, जो मैदागिन क्षेत्र में भ्रमण करते हुए पुनः मंदिर परिसर में आकर सम्पन्न हुई। इस अवसर पर विशेष रूप से अनिल कुमार जैन, नेमचंद्र जैन, विनोद कुमार जैन, प्रदीप चंद्र जैन, पुनीत चंद जैन, सीए अभिषेक जैन, प्रमोद कुमार बागड़ा, आशीष जैन, मंजू जैन, रेनू जैन, साधना जैन, विदू जैन, रजनी जैन आदि उपस्थित रहीं।

## त्रिदेव मंदिर का स्थापना दिवस मनाया गया

**वाराणसी (जनमुख डेस्क)।** लंका-दुर्गाकुंड रोड स्थित त्रिदेव मंदिर का रविवार को 18वां स्थापना दिवस मनाया



गया। इस दौरान बेटी बचाओ का संदेश भी गूंजा। त्रिदेव मंदिर सेवक परिवार की ओर से पहली बार स्वर्ण जणित मंदिरों में वस्त्राभूषण व फूलों से देवविग्रहों की झांकी सजाई गई। फूलों व विद्युत झालरों से मंदिर परिसर जगमग करता रहा। सर्वप्रथम संस्थाध्यक्ष भरत सराफ मंत्री राधे गोविंद केजरीवाल सपत्नीक श्याम सुंदर अग्रवाल सपत्नीक शिव रुद्राभिषेक का पूजन किया तत्पश्चात समाज की महिलाओं ने 1001देवी स्वरूप में कन्याओं का सत्कार कर सदस्यों ने चरण पखारे। संयोजक अध्यक्ष भरत सर्राफ व मंत्री राधे गोविंद केजरीवाल ने तीनों विग्रहों की सपत्नीक आरती उतारी। संस्था के सुरेश तुलस्यान ने बताया कि संयोजन में त्रिदेव मंदिर सेवक परिवार के सभी सम्मानित सदस्यों ने सहयोग किया।

## डोमरी पहुंचे सांसद संजय सिंह

**वाराणसी (जनमुख डेस्क)।** आप राज्यसभा सांसद संजय सिंह ने यूपी में विधानसभा चुनाव से पहले अपनी राजनीतिक पकड़ मजबूत करने के लिए 'रोज़गार दो, सामाजिक न्याय दो' पदयात्रा शुरू की है। इसी क्रम में शनिवार को प्रधानमंत्री के गोद लिए आदर्श गांव डोमरी में किसानों के बीच सभा को संबोधित किया।






## पहाड़ी गांव में सड़क निर्माण को लेकर दो पक्ष आमने-सामने





**वाराणसी (जनमुख डेस्क)।** रोहनिया थाना अन्तर्गत पहाड़ी गांव में इन दिनों एक सड़क निर्माण को लेकर खासी रार मची हुई है। कतिपय लोग इस सड़क को बनने नहीं देना चाहते है जबकि स्थानीय लोग इस हर हाल में बनवाने के पक्षधर हैं। जानकारी के अनुसार कई बार स्थानीय लोगों द्वारा इस सड़क को बनवाने के लिए धरना-प्रदर्शन किया गया लेकिन दबंग लोगों के विरोध के चलते हर बार उनका आंदोलन विफल रहा। इसी सड़क के पुनर्निर्माण की मांग को लेकर शनिवार को भी स्थानीय लोग सड़क पर उतर आए दोपहर से शुरू हुआ धरना प्रदर्शन देर रात तक चला। इस प्रदर्शन में खास यह रहा कि इस बार मोर्चा महिलाओं ने संभाला था। निर्माण के पक्ष में रास्ता रोक कर प्रदर्शन शुरू कर दिया जिससे आवागमन में राहगीरों को कठिनाइयों का सामना करना पड़ा। जाम की सूचना पर इक्का-दुक्का पुलिस वाले मौके पर पहुंचे तो आंदोलनकारियों ने मुर्दाबाद का नारा लगाना शुरू कर दिया। इधर गांव के कतिपय लोग कचहरी का दस्तावेज दिखाकर सड़क की जमीन को अपनी मल्कियत बता रहे हैं। उनका दावा है कि यह उनकी पुश्तैनी जमीन है। देर रात तक आंदोलनकारी सड़क के डेरा डाले रहे लेकिन काफी वाद-विवाद के बाद मामले का कोई कारआमद हल नहीं निकल सका। अन्त में प्रदर्शनकारी वापस लौट गए। समाचार के लिखे जाने तक सड़क पर बिछाई गयी गिट्टियां और अन्य सामग्री उसी तरह पड़ी हुई हैं और मामला अधर में लटका हुआ है। विवादित मामले की जटिलता के मद्देनजर पुलिस भी फिलहाल तटस्थ बनी हुई।

जनमुख परामर्श मंडल

एस. कुमार
राष्ट्रीय अध्यक्ष
सिंधी काउंसिल
ऑफ इंडिया

संतोष अग्रवाल हरे कृष्ण ज्वैलर्स
सभापति, श्री काशी अग्रवाल समाज

श्रीनारायण खेमका
अध्यक्ष : अखिल भारतीय
मारवाड़ी सम्मेलन

वी.के.जैन
अध्यक्ष
जैन मिलन, वाराणसी

डा. एस.के.पाठक
वरिष्ठ चिकित्सक

डा. नीलम ओहरी
स्त्री रोग विशेषज्ञ

प्रधान सम्पादक
ब्रजेश कुमार राय 'शर्मा'

समाचार सम्पादक
सरोज सिन्हा

स्वात्वाधिकारी व स्वामी ब्रजेश कुमार राय 'शर्मा' द्वारा 'गिरीश प्रिंटिंग प्रेस से मुद्रित एवं कार्यालय बी 3/1 काशीराज अपार्टमेंट नदेसर 221002 वाराणसी से प्रकाशित एवं प्रसारित।
रजि.33134/78.
फोन : 0542-2500324
9336929544
Email :
janmukh.vns@gmail.com

# सुल्तानपुर समाचार

## पुलिया से टकराई बाइक फर्नीचर मिस्त्री की मौत



**कूरेभार।** कस्बे के जफरापुर लिंक मार्ग पर चमुरखा गांव के पास रविवार दोपहर बाइक सवार मोहम्मद आजाद (32) निवासी ढेसरुआ सड़क के किनारे बनी पुलिया से टकराकर गंभीर रूप से घायल हो गए।

ग्रामीणों ने उन्हें एंबुलेंस से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कूरेभार पहुंचाया, जहां डॉ. प्रियश दीक्षित ने मृत घोषित कर दिया।

हादसे की जानकारी मिलते ही मोहम्मद आजाद की पत्नी फातमा व परिजन अस्पताल पहुंच गए और चीख-पुकार मच गई। परिजनों ने बताया कि मोहम्मद आजाद रोजगार के सिलसिले में दुबई में रहते थे।

छह माह पहले ही घर लौटे थे। वे फर्नीचर बनाने का काम करते थे। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, मोहम्मद आजाद ने हेलमेट नहीं पहना था। प्रभारी थानाध्यक्ष राजेश यादव ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।

# मऊ समाचार

## सिंचाई के समय गिरी एलटी तार, किसान की मौत

**फतेहपुर मंडाव।** रामपुर थाना क्षेत्र के पदारथपुर गांव निवासी किसान रामध्यान (70) रविवार को फसल की सिंचाई के दौरान गिरे हाई वोल्टेज तार की चपेट में आकर झुलस गए। किसी तरह उन्हें खेत से बाहर निकालकर सीएचसी पर लाया गया, जहां जांच के दौरान चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया। किसान करीब 2 बजे खेत में सिंचाई कर रहे थे। इसी दौरान खेत से गुजर रहे एलटी तार अचानक टूटकर नीचे गिर गया। हादसे में रामध्यान करेंट की चपेट में आ गए और मौके पर ही झुलस गए। आसपास मौजूद ग्रामीणों की मदद से उन्हें आनन-फानन में सीएचसी फतेहपुर मंडाव ले जाया गया। सीएचसी में डॉक्टरों ने रामध्यान को मृत घोषित कर दिया। इस खबर से परिजनों को गहरा सदमा पहुंचा और पूरे गांव में शोक छा गया। सूचना मिलते ही रामपुर थाना प्रभारी राकेश रोहन सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे।

# जौनपुर समाचार

## एलर्जी, खांसी और बुखार के साथ मेले में आए सांस के मरीज, चिकित्सकों ने दिया ये सलाह



**जौनपुर।** मौसम में उतार-चढ़ाव का असर लोगों पर दिखने लगा है। बीमार लोग अस्पतालों के चक्कर काट रहे हैं। चिकित्सकों ने उन्हें गर्म पानी पीने की सलाह दी। इसके साथ ही तेल-मसाले अधिक न खाने को भी कहा है। पीएचसी सिंगरामऊ में जन आरोग्य मेला के दौरान मरीज को देखते चिकित्सक। मौसम के बदलाव का असर लोगों की सेहत पर दिख रहा है। रविवार को स्वास्थ्य इकाइयों पर आयोजित मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेले में एलर्जी, खांसी और बुखार के साथ सांस के मरीज इलाज के लिए आए। **मछलीशहर :** जमालपुर पीएचसी पर जन आरोग्य मेले का आयोजन किया गया। इसमें 26 मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण कर उन्हें दवा दी गई। पीएचसी पर डॉ. आरके यादव ने सात पुरुष, 15 महिलाओं और चार बच्चों का इलाज किया। चिकित्सक ने बताया कि चर्म रोग, हाईपरटेंसन, सांस और बुखार के मरीज ज्यादा आए। इसके अलावा गर्भवती महिला मरीज जांच के लिए केंद्र पर पहुंचीं। मेले में फार्मासिस्ट राय साहब, नेत्र सहायक हरिवंश गौतम और एएनएम माला देवी उपस्थित रहीं।

**सिंगरामऊः** प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर प्रभारी चिकित्सा अधिकारी अभिषेक वर्मा की देखरेख में 113 मरीजों का इलाज किया गया।

# भदोही समाचार

## घर के सामने खेल रहे बच्चे को मालवाहक वाहन ने मारी टक्कर, मौत

**भदोही।** क्षेत्र के गोधना गांव में रविवार को सुबह 10 बजे घर के सामने खेल रहे तीन साल के बच्चे को तेज रफ्तार मैजिक (मालवाहक वाहन) ने टक्कर मार दी। परिजन घायल बच्चे को गोपीगंज स्थित एक निजी अस्पताल ले गए जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। हादसे के बाद मालवाहक वाहन का चालक वाहन लेकर भाग गया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। गोधना गांव निवासी अभिषेक सरोज ने बताया कि बेटा युवराज (3) सुबह घर के सामने खेल रहा था। इसी दौरान तेज रफ्तार ने उसे टक्कर मार दी। इससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। चालक आरओ पानी की आपूर्ति कर लौट रहा था। हादसे की जानकारी होते ही युवराज के परिजन और ग्रामीण एकत्र हो गए। युवराज दो भाई व एक बहन में दूसरे नंबर का था। बेटे की मौत की सूचना से मां रीना देवी बेहोश हो गई।

# गाजीपुर समाचार

## अस्पतालों में सांस, बुखार, पेट और सर्दी-जुकाम के मरीज बढ़े



**गाजीपुर।** जिले के 62 केंद्रों पर रविवार को मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेले का आयोजन किया गया। इसमें 2100 मरीजों का इलाज किया गया। सांस, बुखार, पेट और सर्दी-जुकाम के मरीजों की भीड़ सबसे ज्यादा रही। **मरदहः** मुख्यमंत्री जन स्वास्थ्य आरोग्य मेले का आयोजन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मरदह में हुआ। यहां डॉ. सर्वेश कुमार ने 13 मरीजों का इलाज किया। वहीं प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मटेहूं में डॉ.राजीव गोड़ ने 22, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पाडेयपुर राधे में डॉ.आसिफ लारी ने 23 और प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र अविसहन में डॉ. इमरान उस्मानी ने 33 मरीजों को देखा। **नंदगंज :** नवीन प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेला का आयोजन हुआ। मेडिकल ऑफिसर डॉ शालिनी भाष्कर ने स्वास्थ्य मेले में आये 69 मरीजों के स्वास्थ्य की जांच कर उचित परामर्श एवं दवाओं का वितरण किया। डॉ. शालिनी ने बताया कि इस समय ज्यादातर मरीज सर्दी, जुकाम, बुखार से पीड़ित आ रहे हैं।

**गहमर :** जन आरोग्य मेले में 56 मरीजों का उपचार किया गया। मेले में इलाज के लिए सर्दी, जुकाम और बुखार के मरीज पहुंचे। नया प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र (पीएचसी) गहमर पर मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेला संपन्न हुआ। इस मेले में आसपास के गांवों से आए मरीजों को निशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण और उपचार की सुविधा प्रदान की गई।

# मीरजापुर समाचार

## जिलाधिकारी ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मड़िहान का किया निरीक्षण



**मीरजापुर।** जिलाधिकारी पवन कुमार गंगवार ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मड़िहान का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उपस्थिति पंजिका का अवलोकन किया गया। एक्सरे जांच में बताया गया कि प्रतिदिन 10 से 12 एक्सरे किया जाता है यह भी बताया कि औसत मासिक मरीज की रजिस्ट्रेशन ओ0पी0डी0 चार हजार के लगभग है। प्रसव के बारे में जानकारी करने पर बताया गया कि महिला रोग विशेषज्ञ डॉ हर्षिता श्रीवास्तव विगत कई माह से बिना किसी सूचना के अनुपस्थित है एवं वेतन आहरित नहीं किया जा रहा है। स्टाक निरीक्षण के दौरान सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर प्रयोग में आने वाली कुल 230 दवाओं के सापेक्ष 140 दवाओं का मांग पत्र भेजा जाना बताया गया किंतु मांगे जाने पर 140 दवाओं का मांग पत्र ही प्रस्तुत किया जा सका और न ही 90 दवाइयों की सूची का मांग पत्र नहीं भेजे जाने के सम्बंध में कोई संतोषजनक उत्तर दिया गया। निरीक्षण के समय वर्तमान स्टाक की स्थिति भी स्पष्ट नहीं की जा सकी। निरीक्षण के समय प्राप्त 140 दवाओं में कौन सी दवा कितनी मात्रा में अवशेष है जिसका भौतिक सत्यापन किया जाना संभव नहीं हो सका यह भी पाया गया कि बड़ी मात्रा में बहुत सारी दवाई आगामी माहो में उनकी तिथि समाप्त होने वाली है जिससे प्रतीत होता है यथा आवश्यकता दवाएं रोगियो को वितरित नहीं की जा रही है दवाओं के साथ–साथ तत्संबंधी अद्यावधिक अभिलेखीय एवं रखरखाव व साफ सफाई व्यवस्था अत्यंत ही खराब पाई गई उपरोक्त पाए गए त्रुटियों से स्पष्ट है कि मुख्य फार्मासिस्ट राजेश सिंह के द्वारा अपने दायित्यों का निष्ठा पूर्वक निर्वहन नहीं किए जाने पर जिलाधिकारी ने उन्हें प्रतिकूल प्रविष्टि देने का निर्देश दिया। निरीक्षण के क्रम में जिलाधिकारी ने प्रधानमंत्री भारतीय जन औषधि केन्द्र का भी निरीक्षण कर आवश्यक दिशा निर्देश दिया।

# चंदौली समाचार

## बेटी के साथ मां ने ट्रेन के आगे लगाई छलांग

**धीना।** थाना क्षेत्र के बैरी खुर्द गांव में शनिवार देर रात हृदयविदारक घटना ने पूरे इलाके को दहला दिया। घरेलू कलह और आर्थिक तंगी से परेशान एक 27 वर्षीय विवाहिता ज्योति ने अपनी 6 वर्षीय मासूम पुत्री लाडो के साथ ट्रेन के आगे कूदकर जान दे दी। मां-बेटी की मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद पूरे गांव में शोक की लहर है। मृतका ज्योति का पति सुक्खू जमानिया स्थित एक ईंट-भट्ठे पर मजदूरी करता है। शनिवार को जब वह घर आया तो पति-पत्नी के बीच किसी बात को लेकर कहासुनी हो गई। परिजनों का कहना है कि पति शराब का आदी था, जिसके चलते अक्सर घर में विवाद होता रहता था। आर्थिक तंगी और पति की नशे की आदत से परेशान ज्योति पिछले कई महीनों से मानसिक तनाव में थी। विवाद के बाद ज्योति तीन वर्षीय बेटे गोलू को घर पर छोड़कर छह साल की बेटी लाडो को गोद में लेकर घर से निकल गई।

# गोरखपुर समाचार

## रामगढ़ताल किनारे मिला महिला का शव, पास में थीं सल्फास की गोलियां- पति ने की पहचान



**गोरखपुर।** रामगढ़ताल किनारे रविवार को 36 वर्षीय महिला का शव मिला। राहगीरों ने शव देखकर रामगढ़ताल पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने ताल से शव को बाहर निकाला और पोस्टमॉर्टम के लिए भिजवा दिया। उसके पास से चूहे मारने की दवा, सल्फास और फिनायल की गोलियां मिलीं। वहीं पैकेट से सल्फास की तीन गोलियां गायब मिलीं। इससे अंदाजा लगाया जा रहा है कि सल्फास खाने के बाद बेचैनी बढ़ने पर महिला रामगढ़ताल के किनारे गई। महिला की पहचान खोराबार इलाके के सूबा बाजार की वंदना पांडेय के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि वंदना कुछ दिनों से अवसाद में थी।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, सुबह करीब 10 बजे दिग्वियजनाथ पार्क के सामने रामगढ़ताल में महिला की लाश देखी गई, जिसके बाद वहां राहगीरों की भीड़ लग गई। पुलिस ने पहचान कर उसके पति नागेश पांडेय को कॉल कर सूचना दी। मौके पर पहुंचकर नागेश ने महिला की पहचान अपनी पत्नी वंदना के रूप में की।

उन्होंने बताया कि शनिवार शाम से ही वंदना घर से कहीं निकली हुई थी। इसके बाद रिश्तेदारों के पास भी कॉल करके उसके बारे में जानकारी जुटाई गई। इसके बाद रेलवे स्टेशन और बस स्टेशन पर तलाश की लेकिन वह कहीं नहीं मिली। वंदना के दो बच्चे हैं। बताया जा रहा है कि पति नागेश कैब चलवाते हैं। इधर, कुछ दिनों से वंदना अवसाद में रहती थी। उसका इलाज भी चल रहा था।

इससे पहले भी बिना बताए वह घर से बाहर निकल चुकी है लेकिन वह सुरक्षित वापस आ गई थी। घटना की सूचना पर वंदना के माता-पिता भी पहुंच गए। उन्होंने पोस्टमार्टम कराने से इन्कार कर दिया। पुलिस ने समझाकर शव को पोस्टमार्टम कराने के लिए बीआरडी मेडिकल कॉलेज भिजवाया।

# देवरिया समाचार

## समय पर पहुंची एंबुलेंस, ऑक्सीजन सपोर्ट से महिला की बची जान

**देवरिया।** जिले में 108 एंबुलेंस सेवा की तत्परता से एक बुजुर्ग महिला की जान बच गई। ठाकुर देव भलुअनी ब्लॉक गांव निवासी 80 वर्षीय रामदाई देवी की अचानक तबीयत बिगड़ गई। उन्हें सांस लेने में परेशानी होने लगी। परिजन उन्हें जिला अस्पताल लेकर पहुंचे जहां चिकित्सकों ने हालत गंभीर देखते हुए हायर सेंटर गोरखपुर रेफर कर दिया।

इसके बाद परिजनों ने तत्काल 108 एंबुलेंस सेवा पर कॉल कर मदद मांगी। सूचना मिलते ही 108 एंबुलेंस टीम बिना देरी किए मौके पर पहुंची।

एंबुलेंस पायलट भगवान दास और ईएमटी सर्वेश कुमार ने महिला को तुरंत एंबुलेंस में शिफ्ट कर प्राथमिक उपचार शुरू किया। महिला की हालत गंभीर देखते हुए ईएमटी ने ऑक्सीजन सपोर्ट दिया।

# प्रयागराज समाचार

## बरातियों से भरी दो कार पुलिया से टकराकर नहर में गिरी, दो युवकों की मौत

**प्रयागराज।** कोरांव-ड्रमंडगंज मार्ग पर बढ़वारी खुर्द गांव में रविवार देररात बरात में जा रही दो कार पुलिया से टकराकर नहर में गिर गई। ग्रामीणों और पुलिस की मदद से कारों को बाहर निकाला गया। हादसे में दो कार सवार नहीं मिले। पूरी रात उनकी खोजबीन चलती रही। सुबह दोनों की लाश बरामद हुई। खीरी थाना क्षेत्र के गडरी गांव निवासी लालजी शुक्ल सीआरपीएफ में एएसआई हैं। रविवार रात उनके बेटे अभिषेक की बरात कोरांव के घूघा गांव जा रही थी। बरात में शामिल दो कारें अंधेरे में अनियंत्रित होकर नहर की पुलिया में टकराईं और नीचे जा गिरीं। पास में मौजूद कुछ ग्रामीणों ने शोर मचाया तो और लोग भी पहुंच गए। इतने में पुलिस भी पहुंच गई। एक कार किसी तरह खींच कर किनारे कर दी गई। कार से रीवा के शुभम शुक्ला, सौरभ गौतम, आजमगढ़ के संदीप, जौनपुर के विशाल मौर्य, गाजीपुर के वसीम और बरेली के अनूप सिंह व रोहित सहित सात लोगों को सुरक्षित बाहर निकाला गया। वहीं गाजीपुर के प्रदीप कुशवाहा और अंशु का पता नहीं चल सका। पुलिस टीम उनकी खोजबीन में जुटी रही। एनडीआरएफ की टीम को मौके पर बुलाया गया। भोर में लापता दोनों युवकों की लाश बरामद हुई। कार नहर में गिरने के बाद लापता हुए दोनों युवकों का शव घटनास्थल से 50 मीटर की दूरी परबरामद हुआ। एनडीआरएफ टीम व पुलिस बल ने काफी मशक्कत के बाद शव को बरामद किया।

# बलिया समाचार

## करेंट लगने से महिला की मौत

**चौकिया मोड़।** बेल्थरारोड के उभांव थाना क्षेत्र स्थित जमीन पड़सरा गांव में रविवार दोपहर करंट लगने से आशा देवी (35) की मौत हो गई। जमीन पड़सरा निवासी लाल बहादुर चौहान की पत्नी आशा देवी दोपहर में अपने घर पर बर्तन धो रही थीं। घर में लगी पानी की मोटर में करेंट प्रवाहित होने से वह उसकी चपेट में आ गईं और गंभीर रूप से झुलस गईं। परिजनों ने पहले घरेलू स्तर पर उपचार का प्रयास किया, लेकिन स्थिति बिगड़ने पर उन्हें तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सीयर ले जाया गया। वहां चिकित्सकों ने जांच के बाद आशा देवी को मृत घोषित कर दिया। मौत की खबर लगते ही परिवार में कोहराम मच गया।

# सोनभद्र समाचार

## क्रशर व्यापारी की सिर कूंचकर हत्या, बिस्तर पर मिला शव



**ओबरा।** बिल्ली खनन क्षेत्र के बघमनवा में शनिवार की रात हमलावरों ने क्रशर प्लांट परिसर में सो रहे बुजुर्ग क्रशर व्यवसायी विष्णु हरि उपाध्याय (76) की सिर कूंचकर हत्या कर दी। सुबह कार्यालय के पास चारपाई पर उनका शव लहूलुहान पड़ा था। सूचना पर एसपी, एससपी, सीओ सहित अन्य पुलिस अधिकारियों ने पहुंचकर छानबीन की। फॉरेंसिक टीम ने भी साक्ष्य जुटाए। बदमाशों ने घटनास्थल पर लगे सीसी टीवी कैमरे भी क्षतिग्रस्त कर दिए। पुलिस चोरी के एंगल से भी जांच कर रही है। एसपी ने जल्द खुलासे का दावा किया है। मूल रूप से भदोही जिले के गोपीगंज निवासी विष्णु हरि उपाध्याय (76) यहां ओबरा के शिवनगर कॉलोनी में रहते थे। वह क्रशर का कारोबार करते थे। उनके भाई माधव हरि उपाध्याय खनन व्यवसायी हैं। शनिवार की रात खाना खाने के बाद विष्णु हरि क्रशर प्लांट परिसर में ही कार्यालय के पास चारपाई पर सो गए। भोर में करीब चार बजे क्रशर प्लांट पर गिट्टी लोड करने आए ट्रक के खलासी संदीप पाल ने क्रशर परिसर का गेट खोलने के लिए आवाज लगाई लेकिन कोई प्रतिक्रिया नहीं मिलने पर मुंशी को जगाया। मुंशी ने जब टॉर्च जलाया तो बिस्तर पर विष्णु हरि उपाध्याय का खून से लथपथ शव दिखा। उनके सिर पर किसी वजनी वस्तु से प्रहार किया गया था। घटना की जानकारी होते ही परिजन पहुंचे और सूचना पुलिस को दी। कुछ ही देर में सीओ अमित कुमार, एसओ सदानंद राय फोर्स के साथ पहुंचे। मामले की गंभीरता को देखते हुए एसपी अभिषेक वर्मा, एएसपी अनिल कुमार ने भी घटनास्थल का निरीक्षण किया। फॉरेंसिक टीम ने मौके से अहम साक्ष्य जुटाए। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि हमलावरों ने वारदात के दौरान कार्यालय में लगे सीसीटीवी कैमरों को क्षतिग्रस्त कर दिया है। चोरी की आशंका भी जताई जा रही है।

# आजमगढ़ समाचार

## चार वर्षीय बालक की मौत पर हंगामा, डिप्टी सीएमओ ने अस्पताल कराया सील

**लालगंज।** देवगांव कोतवाली क्षेत्र के नगर पंचायत कटघर लालगंज स्थित गीता चाइल्ड केयर पर लोकईपुर ऊंचाहुआ थाना तरवां निवासी कार्तिक (4) की मौत पर परिजनों ने हंगामा किया। इस दौरान उन्होंने अस्पताल प्रशासन पर इलाज में लापरवाही करने का आरोप लगाया। इसके बाद पहुंचे डिप्टी सीएमओ अलेंद्र कुमार ने अस्पताल की जांच की तो उसका रजिस्ट्रेशन ही नहीं पाया गया। इस पर डिप्टी सीएमओ ने अस्पताल को अवैध पाते हुए सीज कर दिया। लोकईपुर ऊंचाहुआ थाना तरवा निवासी चार वर्षीय कार्तिक को डेंगू, मलेरिया होने पर 3 फरवरी को गीता चाइल्ड केयर लालगंज में भर्ती कराया गया था। तबसे उसका इलाज यहां चल रहा था। शनिवार की दोपहर करीब दो बजे इलाज के दौरान बालक की मृत्यु हो गई। इसकी सूचना मिलते ही परिजनों ने अस्पताल के संचालक व डॉक्टर पर लापरवाही का आरोप लगाकर हंगामा किया। सूचना पाकर मौके पर पुलिस भी पहुंची। इसकी सूचना मिलते ही डिप्टी सीएमओ अलेंद्र कुमार भी पहुंच गए। यहां अधिकारियों ने परिजनों को शांत कराया। डिप्टी सीएमओ ने अस्पताल प्रशासन से रजिस्ट्रेशन के कागजात आदि मांगे तो कोई नहीं दिखा पाया। अस्पताल का रजिस्ट्रेशन न होने की स्थिति में अस्पताल को सील कर दिया गया। जबकि अस्पताल में भर्ती करी आधा दर्जन मरीजों को संयुक्त सौ शैय्या चिकित्सालय लालगंज में भेज दिया गया।

# लाइफ मंत्र

## मंगलवार को पान का बीड़ा चढ़ाते समय न करें ये गलती, रुठ सकते हैं बजरंगबली



मंगलवार का दिन भगवान हनुमान को समर्पित माना जाता है। इस दिन श्रद्धालु बजरंगबली को प्रसन्न करने के लिए व्रत, हनुमान चालीसा पाठ और विशेष पूजन करते हैं। इन्हीं उपायों में से एक है हनुमान जी को पान का बीड़ा अर्पित करना। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, विधि-विधान से पान का बीड़ा चढ़ाने से व्यक्ति को साहस, शक्ति और जीवन के कई क्षेत्रों में सफलता प्राप्त होती है। हालांकि, अगर मंगलवार के दिन हनुमान जी को पान का बीड़ा चढ़ाते समय कुछ जरूरी नियमों का पालन नहीं किया गया, तो इस उपाय का पूर्ण फल नहीं मिलता। ऐसे में हनुमान जी की कृपा भी बाधित हो सकती है। आइए जानते हैं हनुमान जी को पान का बीड़ा अर्पित करने से जुड़े महत्वपूर्ण नियम और इसके लाभ।

**हनुमान जी को पान का बीड़ा चढ़ाने से पहले इन नियमों का पालन करें**

हनुमान जी को पान का बीड़ा अर्पित करने के लिए मंगलवार का दिन सबसे शुभ माना जाता है।

बीड़ा चढ़ाने से पहले स्नान कर शरीर और मन की शुद्धि करें तथा स्वच्छ वस्त्र धारण करें।

इस दिन लाल रंग के कपड़े पहनना विशेष फलदायी माना जाता है।

पान के बीड़े में कभी भी सुपारी या तंबाकू नहीं डालना चाहिए। मान्यता है कि ऐसा करने से जीवन में बाधाएं और समस्याएं बढ़ सकती हैं।

पान के बीड़े में कत्था, गुलकंद और सौंफ अवश्य डालें। इन वस्तुओं को शुभ माना गया है और इससे बजरंगबली शीघ्र प्रसन्न होते हैं।

बीड़ा अर्पित करते समय श्रद्धा भाव से हनुमान जी का स्मरण या हनुमान चालीसा का पाठ करें।

**हनुमान जी को पान का बीड़ा चढ़ाने के लाभ**

शत्रुओं पर विजय पाने के लिए यह उपाय अत्यंत शुभ माना जाता है।

करियर और व्यापार में उन्नति के योग बनते हैं।

मंगल ग्रह से जुड़ी समस्याओं और मंगल दोष से मुक्ति मिल सकती है।

आत्मविश्वास, साहस और मानसिक बल में वृद्धि होती है। जीवन में आ रही रुकावटें दूर होने लगती हैं।

## Pollution से चेहरा हुआ Dull? ये 3-Step Face Clean Up देगा Instant Glowing Skin



बढ़ते प्रदूषण से बेजान हुई त्वचा को घर पर ही 3-स्टेप क्लीन-अप से चामाकदार बनाएं। नींबू, चीनी, बेसन और दूध जैसे घरेलू सामग्री का उपयोग करके आप डीप क्लींजिंग, स्क्रबिंग और फेस मास्क के जरिए इंस्टेंट ग्लोइंग स्किन पा सकती हैं। आजकल स्किन संबंधित परेशानियां खूब उत्पन्न हो रही है। बढ़ते हुए पॉल्यूशन के कारण स्किन पर ढेर सारी समस्याएं दिखने लगती हैं। कई बार तो स्किन इंफेक्शन भी होने लगता है। अगर आप स्किन को डीप क्लीन करेंगे तो आपकी स्किन इंफेक्शन से बच जाएगी। अब सैलूने की जगह घर पर ही कुछ ब्यूटी टिप्स के जरिए अपनी स्किन को बेहतरीन बना सकते हैं। अब आपको महंगे स्किन ट्रीटमेंट लेने की जरुरत नहीं है। आइए आपको बताते हैं कैसे घर पर ही डीप क्लीन की मदद से स्किन को साफ रखें। सिर्फ नींबू, चीनी, बेसन और दूध की मदद से आप इा क्लीन अप को खुद से कर सकती हैं।

**स्टेप- 1 चेहरे की क्लीनजिंग**

चेहरे के स्किन पोर्स में गंदगी फंसी हुई हो, तो इसे रिमूव करना जरुरी है। पोर्स के अंदर से गंदगी को बाहर निकालने केलिए चेहरे की क्लींजिंग में ऐसे सामग्री का यूज करें, जो आपके पोर्स को हटा दें।

**सामग्री**

- 1 बड़ा चम्मच गुलाब जल
- 5 बूंदें नींबू का रस

**विधि**

इसके लिए सबसे पहले आप नींबू का रस को मिक्स करें। अब कॉटन पैड से पूरे चेहरे को क्लीन करें। कुछ देर के लिए इस क्लींजर को चेहरे पर लगा रहने दें। ऐसा करने से रोम छिद्र बड़े हो जाएंगे और गंदगी को बाहर निकालना आसान हो जाएगा।

**स्टेप - 2 चेहरे को स्क्रब करें**

क्लींनजिंग के बाद चेहरे को स्क्रब करना जरुरी है। जो भी डेड स्किन और गंदगी त्वचा से चिपकी हुई है, वह रिमूव हो जाती है। इस बात का ध्यान रखें कि आपका स्क्रब माइल्ड हो।

**सामग्री**

- 1 छोटा चम्मच दूध
- 1 छोटा चम्मच छोटे दाने वाली चीनी

**विधि**

दूध और चीनी को एक साथ मिलाकर तैयार मिश्रण से चेहरे पर लगभग 2 मिनट तक हल्के हाथों से स्क्रब करें, ध्यान रखें कि चीनी पूरी तरह घुली न हो। इसके बाद चेहरे को साफ पानी से धो लें। यह घरेलू स्क्रब त्वचा की गहराई से सफाई करता है और चेहरे पर प्राकृतिक चमक लाने में मदद करता है। दूध में मौजूद लैक्टिक एसिड त्वचा को पोषण देता है, कोलाजेन को बढ़ावा देता है और त्वचा को टाइट व मुलायम बनाता है।

**स्टेप-3 चेहरे पर फेस मास्क लगाएं**

क्लीन-अप का तीसरा और आखिरी स्टेप, स्क्रब के बाद खुले हुए रोमछिद्रों को फिर से बंद करना होता है। इसके लिए चेहरे पर फेस पैक लगाना बेहद जरूरी है, जिससे त्वचा को ठंडक और कसाव मिलता है। इसके लिए आप केमिकल युक्त प्रोडक्ट्स की जगह घर पर ही प्राकृतिक सामग्री से फेस पैक तैयार कर सकती हैं, जो त्वचा को पोषण देने के साथ-साथ उसे स्वस्थ और साफ बनाए रखने में मदद करता है।



## पार्लर के फेशियल को कहें Bye-Bye, ये Detox Drink देगा Instant Glow

**वैलेंटाइन डे पर पार्लर जाए बिना नेचुरल ग्लोइंग स्किन के लिए चिया सीड्स, किशमिश, केसर और नींबू से बनी मॉर्निंग ड्रिंक अपनाएं, जो शरीर को डिटॉक्स कर चेहरे पर शीशे जैसी चमक लाती है।**

वैलेंटाइन डे पर हर एक लड़की खूबसूरत दिखना चाहती हैं। वैलेंटाइन डे प्यार का दिन है, ऐसे में लड़कियां काफी तैयारी करती हैं। स्किन केयर, मेकअप और आउटफिट पर सब पर ध्यान रखती हैं। इस खास मौके पर हर लड़ती चाहती है कि उसकी स्किन बिना किसी भारी मेकअप के नेचुरल ग्लोइंग दें। कुछ लोग पार्लर जाकर महंगा फेशियल और स्क्रिन ट्रीटमेंट कराती हैं। वहीं, कुछ महंगे-महंगे स्किनकेयर प्रोडक्ट यूज करती है,लेकिन आप नहीं जानती हैं कि असली और लंबे समय तक रहने वाला निखार हमेशा अंदरुनी पोषण से आता है।

यदि आप चाहती हैं कि 14 फरवरी की डेट नाइट पर आपका चेहरा एकदम शीशे की तरह चमके, तो आज से ही अपने दिन की शुरुआत एक स्पेशल मॉर्निंग ग्लो ड्रिंक पीना स्टार्ट कर दें। यह जादुई ड्रिंक आपके शरीर को डिटॉक्स करता है और गुलाबी निखार देता है, इसलिए इसका सेवन आज से ही शुरु करें।

**मॉर्निंग ग्लो ड्रिंक**

**सामग्री**

- चिया सीड्स- 1 चम्मच (रात भर भीगे हुए)
- किशमिश- 10-12 किशमिश
- केसर- 5-6 धागे
- नींबू का रस- आधा नींबू
- गुनगुना पानी- एक गिलास

**विधि**

- इस ड्रिंक को बनाने के लिए सबसे पहले आप आधे गिलास पानी में किशमिश और केसर को रातभर भिगोकर रखें।
- रातभर भीगी हुई किशमिश और केसर के पानी को एक गिलास में लें।
- अब भीगी हुई चिया सीड्स और गुनगुना पानी मिलाएं।
- आखिर में आधा नींबू निचोड़ें और अच्छी तरह मिक्स करें।
- इसको आप रोजाना सुबह खाली पेट पिएं।

**जाने स्किन के लिए इन चीजों के जादुई फायदे**

**चिया सीड्स**

इसमें ओमेगा-3 फैटी एसिड और एंटीऑक्सीडेंट से भरपूर होते हैं, जो त्वचा की सूजन को कम करते हैं। इतना ही नहीं, चिया सीड्स फ्री रेडिकल्स से होने वाले नुकसान से बचाते हैं। इसको आप नियमित रुप से सेवन करेंगे, तो आपकी स्किन हाइड्रेटेड रहेगी। झुर्रियां चेहरे पर नजर नहीं आती और स्किन सॉफ्ट दिखती है।

**किशमिश**

किशमिश शरीर से हानिकारक तत्वों को बाहर निकालने में मदद करती है और ब्लड को शुद्ध करने का काम करती है। जब खून साफ रहता है, तो इसका सकारात्मक प्रभाव त्वचा पर साफ दिखाई देता है। इससे मुंहासे, पिंपल्स और काले दाग-धब्बे कम होने लगते हैं, जिससे त्वचा नेचुरल रूप से साफ, स्वस्थ और चमकदार नजर आती है।

**केसर**

सदियों से केसर का इस्तेमाल खूबसूरती बढ़ाने के लिए किया जा रहा है। इसमें मौजूद एंटीऑक्सीडेंट त्वचा को डिटॉक्स करते हैं और यह डलनेस को दूर करता है। केसर त्वचा की रंगत को निखारता है, झाइयों को कम करता है। यह आपके चेहरे पर नेचुरल ग्लो लेकर आता है।

**नींबू**

नींबू में पर्याप्त मात्रा में विटामिन- सी पाया जाता है। नींबू कोलेजन के प्रोडक्शन को बढ़ाता है, जिससे स्किन टाइट, इलास्टिक और जवां बनीं रहती है। यह स्किन टोन को इवन करता है, दाग-धब्बों को हल्का करने और फाइन लाइन्स को कम करने में भी मदद करता है।

होम फैशन
रथयात्रा, वाराणसी
8573035762




बच्चों के डॉक्टर
मिनहाज चाइल्ड केयर
Dr. Minhaz Husain
MBBS, MD (Child Specialist)
पूर्व वरिष्ठ नवजात शिशु एवं बाल रोग विशेषज्ञ (IMS-BHU)
www.minhazchildclinic.com
19A lane no 1, Ravindrapuri colony, Varanasi, UP - 221005
Mob.- 6387438255 / 8058811141

गुप्त रोग विशेषज्ञ
गुप्त रोग, ताकत जवानी
सर्वश्रेष्ठ आयुर्वेदिक क्लिनिक
राना डिस्पेन्सरी
डॉ. राना
Govt Regd. Estd, 1948
निःसंतान, धात रोग, स्वप्नदोष, नामर्दी, कमजोरी इत्यादि
60 वर्षीय अनुभवी से मिलकर लाभ उठायें
समय प्रातः 9 से रात्रि 8 बजे तक
रविवार 9 से 1 बजे तक
पता: टकसाल सिनेमा के सामने ( नियर ताज होटल ) नदेसर, वाराणसी
Mob.: 6386935615, 7388779172

## फटे-काले होंठों को कहें Goodbye, चुकंदर का यह Homemade Lip Scrub देगा Natural Pink Glow



चुकंदर के एंटीऑक्सीडेंट और शहद के मॉइश्चराइजिंग गुणों से भरपूर यह लिप स्क्रब होंठों के कालेपन को दूर कर उन्हें प्राकृतिक रूप से गुलाबी बनाता है। घर पर आसानी से तैयार होने वाला यह नुस्खा डेड सेल्स को हटाकर होंठों को मुलायम और हाइड्रेटेड रखने में मदद करता है।

सुंदर और मुलायम होंठ हर किसी की चाहत होती है। अक्सर बदलते मौसम में डिहाइड्रेशन, धूप में अधिक निकलना और लिपस्टिक के कारण होंठ रुखे और फटने लगते हैं।

खासतौर पर होंठों की डेड स्किन को बाहर हटाने, उन्हें सॉफ्ट और हेल्दी बनाने में लिप स्क्रब मदद कर सकता है। इससे फटे होंठ भी ठीक होते हैं और यह मॉइश्चराइज प्रदान करता है।

इस लिप स्क्रब की मदद से कालापन दूर होता है और लिप्स गुलाबी बन जाते हैं। कई महिलाएं बाजार से लिप स्क्रब खरीदती हैं, हालांकि महंगे लिप स्क्रब भी होंठों को सही हाइड्रेशन नहीं दे पाते हैं और यह कई बार नुकसान भी पहुंचाता है। इसलिए अब आप घर पर आसानी से लिप स्क्रब बना सकती हैं। चुकंदर और शहद से बनने वाला ये स्क्रब होंठों को मुलायम बनाएगा। आइए आपको इसके फायदे और बनाने के तरीका-

**होंठ को सॉफ्ट बनाने के लिए बनाएं चुकंदर और शहद का लिप स्क्रब**

- गौरतलब है कि चुकंदर और शहद का लिप स्क्रब होंठों को प्राकृतिक रूप से गुलाबी और मुलायम बनाने में मदद करता है।

वैसे यह एक बेहतरीन घरेलू नुस्खा है। क्योंकि ये होंठों की डेड सेल्स को रिमूव करता है, कालापन को दूर करता है। विटामिन-सी और एंटी-ऑक्सीडेंट से भरपूर ये स्क्रब होंठों को हाइड्रेटेड और कोमल बनाए रखता है।

- चकुंदर में नेचुरल रुप से एंटी-ऑक्सीडेंट्स होते हैं, वहीं शहद एक नेचुरल मॉइश्चराइजर है। इन दोनों का कॉम्बिनेशन होंठों के लिए फायदेमंद है।
- वैसे ये एक नेचुरल एक्सफोलिएटर के तौर पर काम करता है।

**कैसे बनाएं लिप स्क्रब?**

- इसे बनाने के लिए आपको केवल 2-3 चीजें ही चाहिए।
- इसके लिए 1 छोटा चम्मच चुकंदर का रस, 1 छोटा चम्मच शहद, छ्व छोटा चम्मच चीनी या ब्राउन शुगर लेनी है।
- अब एक कटोरी में चुकंदर का रस, शहद और चीनी डालें।
- इनका अब एक पेस्ट बना लें। यह लीजिए तैयार है आपका होममेड लिप स्क्रब।

**इसका इस्तेमाल कैसे करें?**

- आपको सबसे पहले आप होंठों को हल्के गुनगुने पानी से साफ कर लें।
- अब उंगली की मदद से थोड़ी मात्रा में स्क्रब लें और होंठों पर हल्के हाथों से 1-2 मिनट तक मसाज करें।
- इसके आपको बहुत जोर से नहीं रगड़ा है, वरना होंठों की स्किन को नुकसान हो सकता है।
- इसके बाद गीले कॉटन या पानी से होंठ को धो लें।
- आखिर में आपके बास कोई अच्छा लिप बाम हो, वो लगा लें।
- कम से कम इसे हफ्ते में 2 बार लगाना चाहिए। रोजाना स्क्रब करने से होंठ ज्यादा सेंसिटिव हो सकते हैं।

कार्ड एवं स्टेशनरी
शादी के कार्ड
2026 डायरी, कैलेन्डर
खत्री स्टेशनर्स
साई मंदिर के सामने, रामलीला मैदान के पास नदेसर, वाराणसी
मो.9335478047,9140457358

लेडिज सूट शॉप
Designer Salwar Suit Lancha, Dress Materials
Shahnaz
GURUBAG, VARANASI PH 2390017

आल टाइप गारमेंट्स शॉप
NEW GENERATION
Exclusive Wear House
KIDS MENS TEENAGERS
Yadav katra, Dashashwamedh, vns. Ph. 2451389

मेडिकल शॉप
DIABETIC CARE POINT
Retailer Of All Kinds Of Medicines
C. 14/175-2, Amar Nagar, Sonia Road, Varanasi.
Varanasi- 945048570, 9936153614
Bharat Medicals

ज्योतिष एवं रत्न विशेषज्ञ
पहले देखे चमत्कार फिर दिल से करे नमस्कार
डॉ अनूप कुमार जायसवाल
कुंडली विशेषज्ञ, हस्तरेखा, फेस रीडिंग, कुंडली मिलान रत्न रुद्राक्ष वैसेपिस्ट, वास्तु एवं फेंगशुई विशेषज्ञ
Indias No.1 Astrologer
Lokhandwala Branch
9324652370
Bandra Branch
8108888280
HEAD OFF. : SHOP No.-2, Shastri Nagar Complex, Sigra, Varanasi-221010
Tel.: 0542-2220532, Mob.: 09305462682

नाक, कान और गला रोग विशेषज्ञ
काशी ई.एन.टी. सेंटर
कान, नाक और गला रोग विशेषज्ञ
डॉ. अमरेन्द्र सिंह M.B.B.S., M.S. (ENT) Mumbai Fellow - Skull Base Surgery (Italy)
सिद्धिगिरीबाग (यूनियन बैंक के सामने) सिगरा, वाराणसी
Mob.: 7052111138, 7052111139, 0542-2411138

लिवर रोग विशेषज्ञ
समर्पण गैस्ट्रो एवं लिवर क्लिनिक
इलाज एवं सुविधाएं: पेट में दर्द, उल्टी, गैस्ट्रिक अल्सर,खूनी उल्टी, कब्ज, मल में रक्त, रक्तस्त्रावी, आईबीएस, आईबीडी, हेपेटाइटिस, पीलिया, लिवर सिरोसिस, लिवर एब्सेस, गैल स्टोन उपचार, अल्सर, आमाश्य में छाला, अन्दरूनी रक्तस्त्राव और एंडोस्कोपी व कोलोनोस्कोपी।
परामर्श समय: 08:30 से 04:00 बजे तक
डॉ. शेखर पुरी
MBBS, MD (IMS-BHU)
DM (GASTRO.) SMS Jaipur
माहेश्वरी भवन के पास तुलसीपुर, महमूरगंज वाराणसी। मो. 9587794338

यूरोलॉजी विशेषज्ञ
ओंकार यूरोलॉजी सेन्टर एण्ड हॉस्पिटल
Dr. Amit Kumar
MS.FICS M.ch (Urology)
CONSULTANT UROLOGIST
डायलिसिस की सुविधा उपलब्ध
OPD Time 12 Pm to 2 Pm
Mob: 8957650464
डी.63/13ए-5 अन्नपूर्णा कालोनी महमूरगंज, वाराणसी [नियर पासपोर्ट ऑफिस]

मानसिक रोग विशेषज्ञ
तनाव, अवसाद, घबराहट, बेचैनी,OCD याददाश्त कमजोर होना, स्किजोफ्रेनिया, बाइपोलर, गुस्सा, नींद की परेशानी, सिर दर्द, नशा करना, बच्चों और बड़ो की व्यवहारिक समस्याएं, आत्महत्या का विचार आना, माइग्रेन, न्यूरेल्जिया, सर्वाइकल, हाथ-पांव में झनझनाहट व मिर्गी जैसे अन्य मानसिक रोगों का इलाज उपलब्ध।
रवि न्यूरो सायकेट्री सेंटर (मल्टी स्पेशियलिटी हॉस्पिटल)
लेन नं.-16 रविन्द्रपुरी, वाराणसी मो. 8756837310/ 7880893030
डॉ. श्रेयांस द्विवेदी
मानसिक रोग विशेषज्ञ
MBBS,DPM, MD
Neuropsychiatrist

हड्डी रोग विशेषज्ञ
डा. अनुपम श्रीवास्तव
डा. आरती दिव्या
X-ray in 250 Only
Fee Rs 250 Only
वात्सल्य हॉस्पिटल
जाइंट रिप्लेसमेंट, ट्रामा, आर्थ्रोस्कोपी ( लिगामेंट सर्जरी ) एवं स्पाइन सर्जरी
सिकरौल, वाराणसी। MOB.-9415227170